राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक

पाठ 11 : सार कैसे लिखें

कार्यपत्रक -11

निम्नलिखित गदयांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

लेखक यहाँ एक घटना का जिक्र कर रहा है। एक शहर में पिछड़े इलाकों की समस्याओं को दूर करने के संबंध में विचार-विमर्श करने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया था। संयोजक महोदय ने एक नौजवान को बिजली का बल्ब बुझा कर आने के लिए कहा, तो वह फूँक मार कर बल्ब बुझाने का प्रयत्न करने लगा। इसे देख कर लेखक को आश्चर्य हुआ कि इतनी वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद आज भी ऐसे लोग है, जो पूर्वजों की तरह आदिम परिस्थितियों में जीवन-यापन कर रहे हैं। वह आदिवासी नौजवान भी आश्चर्य में पड़ गया कि किस प्रकार बल्ब से दूर खड़े होकर एक स्विच से ही बल्ब बुझ जाता है।

जो लोग जंगलों या वनों में रहते हैं और आज की उपलब्धियों से अनजान हैं, वे आदिवासी कहलाते हैं। ऐसे आदिवासी जन-समूह देश-विदेश के विभिन्न इलाकों में अब भी उसी प्रकार जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जैसा हम अपने पूर्वजों के बारे में पढ़ते-सुनते आए हैं। अपने देश में भी छतीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय, अंडमान-निकोबार, मिजोरम, कर्नाटक, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में ऐसे अनेक आदिवासी जनसमुदाय मिलते हैं। उत्तरांचल प्रदेश में ये 'थारु' कहलाते हैं, मेघालय में इन्हें 'खासी' नाम से जाना जाता है और झारखंड में ये 'मुंडा' नाम से जाने जाते हैं। इस प्रकार भिन्न-भिन्न राज्यों में ये आदिवासी भिन्न-भिन्न नामों से जाने जाते हैं। इन समुदायों की अपनी-अपनी बोलियाँ हैं।

1. गदयांश का मूल भाव क्या है?
2. सार लेखन के दौरान गदयांश में दी गयी कौन सी जानकारी अनावश्यक है और क्यों? लिखिए।
3. गदयांश का 1/3 शब्दों में सार लिखिए।
4. गदयांश को एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
5. अपनी पसंद के लेखक की एक लोकप्रिय कहानी पढ़िए और लगभग 1/3 शब्दों में उसका सार लिखिए।
6. ऊपर दिए गए गदयांश और कहानी के सार लेखन के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सामान्य विषय सामग्री और साहित्यिक विधा के सार लेखन में यदि कोई अंतर है तो क्या?
7. किसी समाचार पत्र में किसी विशेष के सर्वाधिक प्रमुख समाचार का सार लिखिए।
8. आपको विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर रेडियो पर 15 मिनट कि प्रस्तुति देनी है। आप निर्धारित समय के अनुसार रेडियो कार्यक्रम की स्क्रिप्ट तैयार कीजिए।
9. सार लेखन कौशल के आधार पर रोजगार के कौन से अवसर उपलब्ध है: सूचीबद्ध कीजिए।
10. आपकी दृष्टि में दैनिक जीवन में सार लेखन के क्या लाभ हैं? उल्लेख कीजिए।